Government of Western Australia
Department of Communities

# NDIS का प्रबंध करने के विकल्प

This project is an NDIS Information, Linkages and Capacity Building (ILC) initiative. For more ILC events and resources please visit http://www.disability.wa.gov.au/wa-ndis/wa-ndis/information-linkages-and-capacity-building/resources/


आप अपनी NDIS योजना का प्रबंध करने के लिए तीन अलग-अलग तरीकों का चयन करने में समर्थ हैं। आप अपनी योजना के अलग-अलग भागों के लिए इन प्रबंधन विकल्पों में से कोई एक या इन्हें संयोजन में चुन सकते हैं। आपके तीन विकल्प हैं:

1. आत्म प्रबंधन
2. योजना प्रबंधन
3. एजेंसी प्रबंधन

## आत्म प्रबंधन

- आत्म प्रबंधन वह परिस्थिति है जब आपको अपनी योजना में शामिल धन (फंड) और सहायता का पूरा नियंत्रण और इसकी पूरी जिम्मेदारी होती है।
- आपको NDIS से अपनी धन-राशि (भुगतान निवेदन) प्राप्त होते हैं और आप अपनी सहायताओं व सेवाओं का भुगतान करते हैं।


आत्म-प्रबंधित




## योजना प्रबंधन

- योजना प्रबंधन वह परिस्थिति है जब आप NDIS से अपनी धन-राशि (भुगतान निवेदन) प्राप्त करने के लिए एक योजना प्रबंधक प्राप्त करते हैं और वह प्रबंधक आपके लिए आपकी सहायताओं व सेवाओं का भुगतान करता है।
- यह ज़रूरी है कि आपका योजना प्रबंधक NDIS के साथ रजिस्टर्ड हो।
- यदि आपका कोई योजना प्रबंधक है, तो आपकी योजना में आपके योजना प्रबंधक को उसकी सेवाओं के लिए भुगतान करने हेतु अतिरिक्त धन-राशि (फंडिंग) होगी।


योजना प्रबंधित








## एजेंसी प्रबंधन

- एजेंसी द्वारा प्रबंधन उस परिस्थिति में होता है जब NDIS आपके लिए आपके सेवा प्रदाताओं को भुगतान करती है।
- आपके सेवा प्रदाताओं की यह जिम्मेदारी होती है कि वे आपको प्रदान की जाने वाली सहायताओं व सेवाओं के खर्च का भार उठाने के लिए NDIS से धन-राशि (भुगतान निवेदन) प्राप्त करें।

संस्था द्वारा प्रबंधित



| | | आत्म प्रबंधन | योजना प्रबंधन | एजेंसी **(NDIA)** प्रबंधन |
|---|---|---|---|---|
|  | क्या मुझे NDIS के साथ रजिस्टर्ड प्र-दाताओं से (खरीद) सेवाएँ मिल सकती हैं? | हाँ | हाँ | हाँ |
|  | क्या मुझे गैर-रजिस्टर्ड प्रदाताओं से (खरीद) सेवाएँ मिल सकती हैं? | हाँ | हाँ | नहीं |
|  | क्या मैं अपने लिए खुद कर्मचारियों की नियुक्ति कर सकता हूँ? | हाँ | हाँ (हालाँकि, सभी योजना प्रबंधन पेरोल के लिए तैयार नहीं किए गए होते हैं) | NDIA द्वारा इसकी पुष्टि की जाएगी ☐ हाँ ☐ नहीं |
|  | यदि मैं अपने लिए खुद कर्मचारियों की नियुक्ति करता हूँ तो क्या मेरे कोई कानूनी दायित्व हैं? | हाँ | हाँ | हाँ |
|  | क्या मुझे धन-राशि (भुगतान निवेदन) लेने होंगे और अपनी सहायताओं व सेवाओं का भुगतान करना होगा? | हाँ | नहीं | नहीं |
|  | क्या मुझे उचित रिकॉर्ड्स रखने पड़ेंगे? | हाँ | नहीं (आपका योजना प्रबंधक करता है) | नहीं |
|  | क्या मुझे NDIS की प्राइस गाइड (मूल्य संदर्शिका) का अनुसरण करना होगा? | नहीं | हाँ | हाँ |
|  | क्या मुझे इस बारे में जानकारी मिलेगी कि मैंने अपना बजट किस चीज़ पर खर्च किया है और कितना बजट बाकी है? | हाँ | हाँ | हाँ |
|  | क्या मुझे इस प्रबंधन विकल्प के लिए अपनी योजना में अतिरिक्त धन-राशि (फंड्स) मिलेंगे? | नहीं | हाँ (आपके योजना प्रबंधन को विशिष्ट रूप से भुगतान करने के लिए अतिरिक्त धन-राशि होगी) | नहीं |
|  | क्या सर्विस बुकिंग करनी ज़रूरी होगी? | नहीं (नहीं, आपकी योजना के उन भागों के लिए जिनका आत्म-प्रबंधन किया जाता है) | हाँ | हाँ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
|  | क्या मुझे एक अलग बैंक अकाउंट की ज़रूरत होगी? | हाँ<br>(NDIA इसका कड़े रूप में सुझाव देती है, पर यह अनिवार्य नहीं है) ! | नहीं | नहीं |
|  | क्या सेवा अनुबंध का होना ज़रूरी है? | नहीं<br>(हालाँकि इसका कड़े रूप से सुझाव दिया जाता है) ! | नहीं<br>(हालाँकि इसका कड़े रूप से सुझाव दिया जाता है) ! | नहीं<br>(हालाँकि इसका कड़े रूप से सुझाव दिया जाता है) ! |
|  | क्या मेरी सहायताओं व सेवाओं की गुणवत्ता की एकमात्र जिम्मेदारी मेरी है? | हाँ | हाँ | नहीं<br>(रजिस्टर्ड प्रदाता पहले से ही NDIS के साथ रजिस्टर्ड होने के लिए एक गुणवत्ता प्रक्रिया से गुजरे हैं)  |
|  | क्या योजना की समीक्षा से पहले मुझे यह जांच करनी होगी कि अपनी योजना में दर्शाए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मैं कैसे आगे बढ़ रहा हूँ? | हाँ<br>(हो सकता है कि आपको अपनी योजना समीक्षा के लिए प्रदाताओं से रिपोर्ट्स लेने के लिए कहा जाए)  | हाँ<br>(हो सकता है कि आपको योजना समीक्षा के लिए प्रदाताओं से रिपोर्ट्स लेने के लिए कहा जाए)  | हाँ<br>(सेवा प्रदाताओं को NDIA को प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा जा सकता है)  |